तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 4 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 नारी सशक्तिकरण व उत्पीड़न पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



## खबर संक्षेप

### उपभोक्ताओं को अपने हितों के लिए सतर्क रहना जरूरी

**कोरबा।** छग राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा प्रतिमाह जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 31 दिसम्बर को ग्राम पंचायत नकटीखार में जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा ग्रामवासियों को उनके अधिकारों व हितों की जानकारी दी गई। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्षा श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्य सुश्री ममता दास एवं पंकज कुमार देवड़ा ने संयुक्त रूप से बताया कि उपभोक्ता कौन है व उपभोक्ता के अधिकार क्या है? उपभोक्ताओं को किसी वस्तु की कीमत, गुणवत्ता की जांच, मात्रा की जांच, सेवा व संविदा शर्तें, बीमा, मेडिकल क्लेम फाइनेंस कंपनियां, बैंक, यातायात वाहन, आनलाइन खरीददारी सोच समझकर करनी चाहिए।

### पीवीटीजी गांव में कलेक्टर की चौपाल, जाना हाल

**कोरबा।** नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने साल की शुरुआत के साथ ही आकांक्षी ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र के दूरस्थ व अंतिम छोर के गाँवों में पहुंचकर शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन की स्थितियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने जिले की पहचान विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवाओं-बिरहोर बाहुल्य गाँव गुडरुमुडा में चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें दूर करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने गुडरुमुडा, पोड़ी उपरोड़ा, ऐतमानगर, गुरसिया, सालिहां भाठा, लैंगा और अंतिम छोर पर स्थित पसान तक जाकर आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पोषण पुनर्वास केंद्र, बालिका आवासीय छात्रावास, एकलव्य आवासीय विद्यालय, धान खरीदी केंद्र, ऐतमानगर जलप्रदाय योजना आदि का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

### करतला रेंज में दंतैल हाथी का लोकेशन ढूंढने में जुटा वन विभाग

**कोरबा।** कोरबा वनमंडल अंतर्गत करतला रेंज के बड़मार व चिकनीपाली जंगल में अलग-अलग घूम रहे दो दंतैल हाथी बीती रात ओझल हो गए। दंतैल हाथियों का कोई अतापता नहीं चल पाया है। फलस्वरूप ग्रामीणों को खतरा बढ़ गया है, जिसे देखते हुए वन विभाग का अमला सतर्क हो गया है और वह हाथियों का लोकेशन ढूंढने में लग गया है। इसके लिए ड्रोन कैमरे व मैदानी अमले को लगाया गया है जो लगातार जंगलों में दंतैल हाथियों का लोकेशन जानने की कोशिश कर रहे हैं ताकि इसकी जानकारी लगते ही संबंधित क्षेत्र के लोगों को सचेत किया जा सके लेकिन अब तक अमले को दंतैल हाथियों का लोकेशन नहीं मिल सका है।

### चरक धर्म संवाहक ने मनाया रामलाल प्रतिष्ठा वर्षगांठ

**गेवरा दीपका।** दीपका के देव सरोवर में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ मनाई गई। इस दौरान दीपका परिसर भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। आयोजन सुबह सुबह 10 बजे से दोपहर 1.50 बजे तक रंगोली स्पर्धा आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने भगवान राम दरबार थीम पर एक से बढ़कर एक आकर्षक रंगोलियां बनाई। शाम को बच्चों ने सामूहिक शंखनाद किया। इस दौरान 31 सौ दीप प्रज्वलित किए गए। हनुमान चालीसा और हनुमत प्रार्थना का सामूहिक पाठ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपका महाप्रबंधक संजय मिश्रा और कार सेवक मिलन राम साहू एवं सेनानी ठाकुर राम सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर समिति के संरक्षक समाजसेवी रोहित राठौर, जन्मेजय जायसवाल, चरक धर्म संवाहक के सदस्य एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# आश्रम छात्रावास में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए डॉक्टरों से होने वाला अनुबंध हुआ बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आश्रम छात्रावास के बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए डॉक्टरों से आदिवासी विकास विभाग के द्वारा किये जाने वाला अनुबंध अब बंद कर दिया गया है। जिले में संचालित सभी आश्रम छात्रावास के समीप स्वास्थ्य केंद्रों के संचालित होने के कारण अनुबंध की योजना बंद करनी पड़ गई है। ग्रामीण अंचलों में 183 आश्रम छात्रावास संचालित हैं जो स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत आते हैं।

अलग खबर

सुदूर ग्रामीण अंचलों में संचालित आश्रम छात्रावास में निवासरत बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आदिमजाति कल्याण विभाग के द्वारा डॉक्टरों से अनुबंध किया जाता था। इसके लिए प्रत्येक विजिट का 5 सौ रुपए की दर से चिकित्सकों को भुगतान किया जाता था। आश्रम छात्रावासों के अंतर्गत कोई भी स्वास्थ्य केंद्र संचालित नहीं होने के कारण स्वास्थ्य की एक बड़ी समस्या का सामना आश्रम छात्रावास के छात्रों करना पड़ता था। जिसके लिए विभाग को प्रतिवर्ष डॉक्टरों से अनुबंध करना पड़ता था। जैसे जैसे स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र का विस्तार किया गया वैसे वैसे शिक्षकों का अनुबंध समाप्त किया गया। वर्तमान में जिले के ग्रामीण अंचलों में चलने वाले आश्रम छात्रावास के बच्चों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण हेतु डॉक्टरों से किया जाने वाला अनुबंध समाप्त कर दिया गया है। इसके पीछे विभाग के द्वारा यह जानकारी दी गई है कि जिले के सभी आश्रम छात्रावास अब स्वास्थ्य केंद्रों के दायरों में आ चुके हैं अब छात्रों को चिकित्सकीय सुविधा तत्काल सुलभ हो रही है। इस कारण अनुबंध की प्रक्रिया बंद कर दी गई है।

## सभी आश्रम छात्रावास के समीप संचालित होने लगे स्वास्थ्य केन्द्र

**खास बातें**

- स्वस्थ्य तन मन योजना के तहत किया जाता था अनुबंध
- ग्रामीण अंचलों में संचालित है 183 आश्रम छात्रावास




**अनुबंध की प्रक्रिया बंद की गई**

जिले के ग्रामीण अंचलों में चलने वाले आश्रम छात्रावास के समीप स्वास्थ्य केंद्र संचालित होने लगे हैं। छात्रों को स्वास्थ्य सुविधा स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से मिल रही है। इस लिए चिकित्सकों से अनुबंध की प्रक्रिया बंद कर दी गई है।

-श्रीकांत कसेर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग

## धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष योजना में चयनित हैं 497 गांव

# जिले के तीस आश्रम छात्रावास में चलाई जाएंगी स्मार्ट क्लास, मिली अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष योजना अंतर्गत केंद्र सरकार ने जिले के उन गांव के आश्रम व छात्रावास में स्मार्ट क्लास चलाने की अनुमति दो दिन पूर्व दी है जहां जनजाति समाज की सर्वाधिक आबादी है। ऐसे आश्रम छात्रावास के बच्चों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने की दिशा पर यह काम नये वर्ष के शिक्षण सत्र में शुरु कर दिया जाएगा।

**खास बात**

- जिन गांव में जनजाति समाज की बाहुल्यता है वहीं चलेगी योजना

सुदूर ग्रामीण अंचल के आश्रम छात्रावासों को भी अब स्कूलों की तर्ज पर स्मार्ट क्लास से जोड़ा जा रहा है। अभी तक शिक्षा विभाग के चुनिंदा स्कूलों में ही स्मार्ट क्लास चला करती थी और वहां के शिक्षक ही बच्चों को पढ़ाया करते थे। उसी तर्ज पर सुदूर आश्रम छात्रावासों में ही स्मार्ट क्लास चलाने की योजना बनाई गई थी। जिसकी अनुमति केंद्र सरकार के आदिम जाति कल्याण विभाग मंत्रालय की ओर से जिले को मिली है और इसके लिए तीस आश्रम छात्रावासों को चुना गया है जिनमें अधिकतम आश्रम है तो वहीं पोस्ट मैट्रिक छात्रावास भी शामिल हैं, जिनकी संख्या 15 है। इनके शुरु होने से ग्रामीण अंचल के उन छात्रों को तकनीकी शिक्षा की बेहतर सुविधा मिल सकेगी जो अब तक ऐसे किसी भी आईटी शिक्षा से दूर थे। इसके लिए धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत 497 गांव जो इस योजना के तहत चयनित किये गये हैं इन गांव में चलने वाले आश्रम छात्रावासों में तीस आश्रम छात्रावासों का चयन स्मार्ट क्लास चलाने के लिए किया गया है। दो दिन पूर्व विभाग को मिली इस अनुमति के बाद सहायक आयुक्त श्रीकांत कसेर ने इन आश्रम छात्रावासों में स्मार्ट क्लास शुरु करने के संबंध में विभागीय स्तर पर अपनी तैयारियां शुरु कर दी हैं।



फाइल फोटो

**बनेंगे अलग कमरे, फर्नीचर की होगी सुविधा**

जिन आश्रम छात्रावास का चयन स्मार्ट क्लास चलाने के लिए किया गया है वहां अतिरिक्त कमरे तैयार किए जाएंगे जहां एलईडी स्क्रीन, इंटरनेट के साथ इन्वटर एवं फर्नीचर की भी व्यवस्था विभाग के द्वारा की जाएगी। स्मार्ट क्लास शुरु होने पर यहां बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी आश्रम के शिक्षकों को ही दी गई है। वहीं छात्रावास में जो अधीक्षक पदस्थ हैं वे स्मार्ट क्लास में छात्रों को पढ़ाएंगे। पोस्ट मैट्रिक छात्रावास का चयन स्मार्ट क्लास के लिए किया गया है।

**ये हैं आश्रम छात्रावास जहां चलेंगी क्लास**

प्रा. आश्रम कन्या तिलकेजा, मा. स्तर बालक आश्रम, गढ़उपरोढ़ा, मा. स्तर कन्या आश्रम भैंसमा, मा. कन्या स्तर कुदमुरा, प्रा. स्तर बालक आश्रम मुरारी, प्रा. स्तर बालक आश्रम जेमरा, मा. स्तर कन्या आश्रम मड़ई, प्रा. स्तर कन्या आश्रम पाली, प्रा. स्तर कन्या आश्रम तुमान, प्रा. स्तर बालक आश्रम अरसिया, प्रा. स्तर बालक आश्रम सरभोखा, मा. स्तर बालक आश्रम चोढ़ा, प्रा. स्तर बालक आश्रम गिरारी, प्री मैट्रिक कन्या आश्रम तिलकेजा, प्री मैट्रिक बालक आश्रम कोरकोमा, प्री मैट्रिक बालक आश्रम अजगरबहार, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास सतरेंगा, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास नोनदरहा, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास जर्वे, प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास तिवरता, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास तिवरता, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास नोनबिर्रा, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास सिल्ली, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास पिपरिया, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास जल्के, लैंगा, पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास करतला, पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास भैंसमा आदि शामिल हैं।

**तीस स्थानों पर स्मार्ट क्लास की तैयारी**

धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना अंतर्गत जिले के तीस आश्रम छात्रावास में स्मार्ट क्लास चलाने की अनुमति केंद्र सरकार की ओर से जिले को मिली है। नये शिक्षण सत्र से इसको शुरु किया जाएगा। इसके लिए अलग से कमरे तैयार कर स्मार्ट क्लास तैयार की जाएगी।

-श्रीकांत कसेर, सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग

# प्रशिक्षु आईएएस अफसरों ने गेवरा खदान किया दौरा


दौरे के दौरान प्रशिक्षु आईएएस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी द्वारा संचालित आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण-1 के शीतकालीन अध्ययन यात्रा के तहत 2025 बैच के आईएएस अधिकारी प्रशिक्षुओं के समूह ने एसईसीएल की गेवरा खदान का दौरा किया।

**खास बात**

- प्रशिक्षु आईएएस खनन कार्यों से हुए अवगत

दौरा शीतकालीन अध्ययन यात्रा के वाणिज्य, उद्योग, वित्त व अर्थव्यवस्था और संसाधन क्षेत्र मॉड्यूल का हिस्सा था। जिसका उद्देश्य अधिकारी प्रशिक्षुओं को प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों और रणनीतिक संसाधन क्षेत्रों के कामकाज का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना है। दौरे के दौरान प्रशिक्षुओं को एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान गेवरा माइसं में बड़े पैमाने पर खुले में खनन काययों से परिचित कराया गया। उन्हें राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में एसईसीएल की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षु अधिकारियों ने खदान स्थल का दौरा किया। बड़े पैमाने पर खुले में खनन कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से देखा। एसईसीएल के अधिकारियों ने कोयला उत्पादन प्रक्रियाओं, खदान योजना, सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों, उन्नत खनन प्रौद्योगिकियों की तैनाती, पर्यावरण प्रबंधन प्रथाओं और सतत खनन पहलों पर विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। उच्च मात्रा में उत्पादन हासिल करने के साथ-साथ पारिस्थितिक जिम्मेदारी, सख्त नियामक अनुपालन, वैज्ञानिक भूमि सुधार और सतत सामुदायिक विकास सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

# ठेका कर्मियों को एचपीसी रेट पर नहीं मिल रहा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कोरबा एरिया अंतर्गत सरईपाली खुली खदान में संचालित ठेका कंपनी में कार्यरत श्रमिकों का शोषण किया जा रहा है। निर्धारित एचपीसी दर से कम वेतन का भुगतान किया जा रहा है। साथ ही कंपनी के द्वारा मनमर्जी तरीके से काम कराया जा रहा है। जिसे लेकर कोयला मजदूर पंचायत ने ठेका कंपनी विनय कुमार उपाध्याय के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है।

**खास बात**

- कोयला मजदूर पंचायत 9 को करेगा आंदोलन



विरोध प्रदर्शन करते ठेका श्रमिक।

कोयला मजदूर पंचायत द्वारा 9 जनवरी को कोरबा एरिया में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है। कोयला मजदूर पंचायत के केन्द्रीय उपाध्यक्ष गजेन्द्र पाल सिंह तंवर ने महाप्रबंधक कोरबा एरिया को पत्र सौंपा है। जिसमें मजदूरी भुगतान के अलावा अन्य मांगों को पूरा करने की मांग रखी है। श्री तंवर ने कहा कि खदान में पूर्व में कार्यरत चालकों व आपरेटर की पूर्ण रूप से बहाली की जाए। निर्धारित वेतन का जो अब तक कम भुगतान हुआ है, उसे एरियस सहित ⏭ शेष पेज 3 पर

# आदिवासी महासम्मेलन में जल जंगल जमीन बचाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिलगा-मदनपुर राजाडीह क्षेत्र में प्रस्तावित कोयला सर्वेक्षण का ग्रामीणों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना ग्रामसभा की सहमति और जानकारी के सर्वेक्षण गतिविधियां चलाई जा रही हैं, जो वनाधिकार व पंचायत प्रावधानों का उल्लंघन है। इस मुद्दे पर ग्रामीणों ने रैली निकालकर प्रशासन और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

**खास बात**

- कोयला सर्वे के विरोध में लोग हुए एकजुट, सांसद विधायक भी हुए शामिल


सम्मेलन के दौरान उपस्थित ग्रामीण।

इससे पहले भी वन विभाग और सर्वे टीम के पहुंचने पर ग्रामीणों ने काम रोक दिया था। अब एक बार फिर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए और शांतिपूर्ण रैली निकालकर सभा का आयोजन किया। सभा ⏭ शेष पेज 3 पर

**15 गांव के ग्रामीण हुए शामिल**

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इस आदिवासी महासम्मेलन में जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए 15 गांवों के लोग एकत्रित हुए। इनमें कोलगा, मदनपुर, पसरखेत, गेराव, चचिया, तौलीपाली, कटकोना, जिल्गा, बरपाली, गिरारी, लबेद, गितकुवारी, फुलसरी, बासीन और सोल्वा ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल थे। सांसद ज्योत्सना महंत, रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया और कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनोज चौहान सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि भी सम्मेलन में उपस्थित रहे और उन्होंने ग्रामीणों के विरोध का समर्थन किया।

## जेलों में बंद आदिवासी बंदियों को कराया जाएगा रिहा

# सरकार से कानूनी लड़ाई लड़ेगा आदिवासी विकास परिषद : शाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष केआर शाह ने कहा कि आदिवासी समाज अपने अधिकारों के लिए सरकार से अब कानूनी लड़ाई लड़ेगा। धरना प्रदर्शन से काम नहीं चलने वाला है। जेलों में विभिन्न धाराओं में बंद आदिवासी बंदियों को रिहा कराने के लिए आदिवासी विकास परिषद कार्य करेगा। इसके लिए खर्च होने वाली राशि के लिए समाज से सहयोग लिया जाएगा।

श्री शाह अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान कोरबा पहुंचे हुए थे। शनिवार को प्रेस क्लब तिलक भवन में पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार के उपर आदिवासी समाज कब तक निर्भर रहेगा और कब तक अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतर कर धरना प्रदर्शन करेगा। अब कानूनी लड़ाई लड़ने का समय आ गया है। प्रदेश में 70 लाख आदिवासी निवास कर रहे हैं और सरकार के विभिन्न विभागों में 60 हजार अधिकारी कर्मचारी काम कर रहे हैं। कानूनी लड़ाई के लिए सभी से आर्थिक सहयोग लिया जाएगा। प्रदेश के जेलों में विभिन्न धाराओं के तहत आदिवासी बंद है जो आर्थिक स्तर पर कमजोर होने के कारण अपनी जमानत नहीं करा पा रहे हैं। ऐसे आदिवासी बंदियों को रिहा करने का काम आदिवासी विकास परिषद करेगा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से आदिवासी विकास परिषद के द्वारा आदिवासी सत्ता के नाम से एक पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा था लेकिन पिछले कुछ वर्षों से परिषद की गतिविधियां शिथिल पड़ गई थी अब पुनः प्रदेश का दौरा कर गतिविधियों को बढ़ाया जा रहा है। इसी के तहत सभी जिलों में कार्यकारिणी तैयार की जा रही है।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष केआर शाह एवं अन्य।

**राजधानी में मनाया जाएगा रजत जयंती वर्ष**

आदिवासी विकास परिषद स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 29 जनवरी को राजधानी रायपुर में रजत जयंती मनाया जाएगा। जिसमें 6 सूत्रीय कार्यक्रम का एजेंडा रहेगा। जिसकी घोषणा स्थापना दिवस के अवसर पर की जाएगी। कोरबा जिले में परिषद की नई कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई। जिसमें बीर साय धनुहार को परिषद का जिलाध्यक्ष तथा जिला कमेटी महिला प्रभार अध्यक्ष सरोज कंवर तथा युवा प्रभार हेतु गोवर्धन सिंह को अध्यक्ष घोषित किया गया है।

### ऑयल पाम खेती से किसानों की बढ़ी आय

**कोरबा।** उद्यानिकी विभाग के अनुसार केंद्र और राज्य सरकार 60:40 के अनुपात में 1.30 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर का अनुदान दे रही है। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा 69 हजार 620 रुपये प्रति हेक्टेयर का अतिरिक्त टॉप-अप देने की स्वीकृति दी गई है। इस राशि का उपयोग रख-रखाव, अंतरवर्ती फसल, ड्रिप सिंचाई और फैसिंग के लिए किया जा सकेगा। रख-रखाव के लिए पहले मिलने वाले 5250 रुपये के साथ अब 1500 रुपये अतिरिक्त दिए जाएंगे। अंतरवर्ती फसल के लिए 5250 रुपये के साथ 5 हजार रुपये का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। ड्रिप सिंचाई हेतु 14 हजार 130 रुपये और पहली बार फैसिंग के लिए 54 हजार 485 रुपये प्रति हेक्टेयर का अनुदान प्रदान किया जाएगा। ऑयल पाम एक दीर्घकालीन फसल है, जिसमें रोपण के चौथे वर्ष से उत्पादन शुरू होता है और लगभ 30 वर्षों तक नियमित आय मिलती रहती है। पारंपरिक तिलहनी फसलों की तुलना में इसकी तेल उत्पादन क्षमता चार से छह गुना अधिक है। इसी क्षमता को देखते हुए कोरबा जिले को 200 हेक्टेयर का लक्ष्य प्रदान किया गया है, जिसके विरुद्ध 115 हेक्टेयर में 83 किसानों ने पौध रोपण कर अनुदान का लाभ उठाया है।

## खबर संक्षेप

### पति पत्नी से मारपीट कर मोबाइल तोड़ा

**बिलासपुर।** लेनदेन के विवाद में दो युवकों ने घर में घुसकर दहशतगर्दी मचाते हुए पति पत्नी से मारपीट कर मोबाइल तोड़ दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार मंगला दीनदयाल कालोनी निवासी शारदा जैन पति पराग जैन ने रिपोर्ट लिखाई। 2 जनवरी 2026 को रात 9.30 बजे उनके घर में जबरदस्ती सिद्धार्थ शर्मा उर्फ छोटू, निधी पथे घुस गए और लेनदेन के विवाद में उनके पति के साथ गाली गलौज कर दहशतगर्दी मचाते हुए मारपीट करने लगे। उन्होंने बीच बचाव किया तो युवकों ने उनके साथ भी मारपीट की। उनके पति डायल 112 को फोन करने पर उनके हाथ से मोबाइल छीनकर पटककर तोड़ दिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर सिद्धार्थ शर्मा उर्फ छोटू, निधी पथे के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 324, 333, 351,2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### छोटे भाई पर चाकू से जानलेवा हमला

**बिलासपुर।** पारिवारिक विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई के साथ मारपीट कर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया है। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावर बड़े भाई के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, केकड़ार निवासी कविता जायसवाल ने रिपोर्ट लिखाई। 1 जनवरी की शाम 5.30 बजे वे अपने पति एश्वर्य जायसवाल और बच्चों के साथ घर में थीं। बगल में उनके जेठ राजेन्द्र जायसवाल अपने परिवार के साथ रहते हैं। 6 माह पूर्व दोनों भाई के बीच बंटवारा हो गया था। बंटवारे से राजेन्द्र जायसवाल संतुष्ट नहीं थे। इसी बात को लेकर दोनों भाईयों के बीच रंजिश चल रही थी। इसी बात को लेकर राजेन्द्र जायसवाल उनका बेटा रोहन जायसवाल ने उनके पति एश्वर्य के साथ मारपीट करते हुए चाकू से जान लेवा हमला कर दिया है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने श्रीमती जायसवाल की रिपोर्ट पर हमलावर पिता पुत्र के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### विधि संकाय सेमेस्टर परीक्षा 12 जनवरी से

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी ने विधि संकाय स्नातक-स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर परीक्षा 12 जनवरी से आयोजित करने जा रही है। यूनिवर्सिटी द्वारा विषम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन पश्चात टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार बीएएलएलबी, एलएलबी सेमेस्टर, बीकाम एलएलबी की परीक्षा 12 जनवरी से शुरू होगी।

**आने-जाने में होती है परेशानी** क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के साथ अन्य लोगों को भी आवागमन की मिलेगी सुविधा

# 32 करोड़ खर्च कर संवारी जाएगी शिवतराई से केंवची के बीच 57 किमी सड़क

**बिलासपुर।** कोटा से शिवतराई होकर अचानकमार टाइगर रिजर्व से केंवची तक 57 किलोमीटर की सड़क काफी खराब हो चुकी है, जहां से वाहन चालकों को अपनी गाड़ियां लेकर चलना भी मुश्किल हो जाता है। इसमें वन विभाग के अफसर भी परेशान रहते हैं। अब शासन ने शिवतराई से केंवची के बीच जर्जर सड़क को सुधारने के लिए 32 करोड़ 34 लाख रुपए की राशि स्वीकृत कर दी है, जिससे इस क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के साथ अन्य लोगों को भी आवागमन की सुविधा मिलेगी।




अचानकमार टाइगर रिजर्व के बीच से गुजरने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। डामरीकरण तो दूर 10 साल से इसकी मरम्मत तक नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में राहगीर यहां से गुजरने में भी डरते हैं। संवेदनशील व संरक्षित क्षेत्र होने के कारण टाइगर रिजर्व प्रबंधन मरम्मत की अनुमति देने से अनाकानी करता है। प्रबंधन तो इसमें राहगीरों के प्रवेश पर ही प्रतिबंध लगाना चाहता है। लोगों की सुविधा से जुडी सड़क होने के कारण इस पर आज तक प्रतिबंध नहीं लग सका, लिहाजा इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अचानकमार का जंगल जैव विविधता एवं वनस्पति से परिपूर्ण है,यहाँ पर सभी प्रकार के जीव जंतु एवं जंगली जानवरों का महत्वपूर्ण निवास स्थान है। पहले अचानकमार सेंचुरी हुआ करती थी। उस समय ज्यादा सख्त नियम नहीं थे। इसलिए लोक निर्माण विभाग आसानी से सड़कों की मरम्मत कर लेता था, लेकिन जब टाइगर रिजर्व घोषित हुआ है, यहां मरम्मत कराना भी लोक निर्माण विभाग के लिए कठिन हो गया है। विभाग ने कई बार अनुमति लेने का प्रयास किया। प्रस्ताव भी भेजा गया, लेकिन जिम्मेदार अफसरों ने इस पर कभी ध्यान नहीं दिया। यही वजह है कि सड़कों की मरम्मत नहीं हो सकी। धीरे-धीरे सड़कों की हालत जर्जर होती गई। वर्तमान में स्थिति यह है की सड़क में केवल गड्ढे ही गड्ढे.हैं। यहां से निकलना भी काफी मुश्किल हो जाता है।

### सड़क बनने में लगेगा समय

एटीआर प्रबंधन के अनुसार कोर जोन को छोड़कर बफर जोन की सड़क के लिए लोक निर्माण विभाग ने कई बार प्रस्ताव मांगा था, लेकिन टाइगर रिजर्व की कमान सेन्ट्रल के पास होती है। इसके कारण उनके प्रस्ताव को एनटीसीए के पास भेजा गया, जहां से केवल मरम्मत कार्य करने की अनुमति मिली थी। इस बार प्रदेश सरकार ने सड़क के लिए राशि स्वीकृत कर दी है। इस राशि के मिलने के बाद उसे बनाने में अभी काफी समय लग सकता है।

### शिवतराई से केंवची तक जर्जर

अचानकमार टाइगर रिजर्व अंतर्गत शिवतराई से लेकर केंवची तक है। कोर जोन अतिसंवेदनशील क्षेत्र के कारण इतने हिस्से में मरम्मत नहीं हो सकी। टाइगर रिजर्व प्रबंधन का मानना है कि सड़क बनने के बाद गाड़ियों का दबाव बढ़ेगी। इसके अलावा गति भी तेज होगी। इससे वन्य प्राणियों को खतरा है। इस क्षेत्र में वन्य प्राणियों का मूमेंट रहता है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन के मुताबिक अचानकमार टाइगर रिजर्व की सड़क से प्रतिदिन गाड़ियां गुजरती हैं। इसमें कार और बाइक हैं। ये गाड़ियां अमरकंटक के अलावा गौरेला, पेंड्रा व मरवाही की ओर जाती है।

40 हजार लोग प्रभावित, एक समय की पानी सप्लाई बंद कर दी गई

# 30 से अधिक वार्डों में हाहाकार, कई जगहों पर लो प्रेशर और गंदे पानी की भी शिकायत





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिरकोना स्थित ट्रीटमेंट प्लांट में टैक्निकल फाल्ट आने के कारण जल समस्या गहरा गई है। आधे शहर में पानी के लिए एक तरह से हाहाकार सा मच गया है। 30 से अधिक वार्डों में एक समय की पानी सप्लाई बंद कर दी गई। सिर्फ सुबह के समय पानी मिल रहा है। एक दो टैंकर वार्डों में जरूर भेजे जा रहे हैं लेकिन इससे कोई राहत नहीं मिल रही। लोगों को नहाने और पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

- कुदूदण्ड और गोंड़पारा में गंदा पानी आने की शिकायत भी मिल रही है

तालापारा, विनोबानगर, मगरपारा, दयालबंद, तारबहार से लेकर राजेन्द्र नगर, सरकंडा के कुछ वार्डों में अधिक समस्या है। कुछ वार्डों में तो टैंकर और लारी शाम को पहुंच रहे हैं यहां पानी भरने के लिए लोग इस ठंड में बाल्टी और घमला लेकर कतार में खड़े देखे जा रहे हैं। कुदूदण्ड और गोंड़पारा में गंदा पानी आने की शिकायत भी मिल रही है। बिरकोना स्थित अमृत मिशन के जल उपचार संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) के वाल्व चैंबर में खराबी आने के कारण 1 जनवरी से शहर के कई वार्डों में नल से पानी नहीं मिल रहा है। अधिकारियों के मुताबिक वाटर ट्रिटमेंट प्लांट का वाल्व फट गया है। इसका सुधार किया जा रहा है। ज्ञात हो कि शहर के 70 वार्डों में 44,281 सामान्य और 5,502 भागीरथी वैध कनेक्शन दर्ज हैं।

वहीं 20 हजार से अधिक अवैध कनेक्शन होने का अनुमान है। अमृत मिशन की सप्लाई बंद रहने के दौरान यही अवैध कनेक्शन बड़ी चुनौती बन रहे हैं क्योंकि इनसे लाइन का दबाव और बढ़ गया है। दरअसल फिलहाल पुराने सिस्टम यानी बंद किए गए ट्यूबवेलों को फिर से चालू कर पहले इन टंकियों को भरा जा रहा है। इसी तरह अरपा के इस पार 16 पानी टंकियों से लगभग 30 हजार घरों में अमृत मिशन लाइन से व्यापार विहार, दयालबंद पीजीबीटी कॉलेज, तारबाहर, मगरपारा, तालापारा, भारतीय नगर सहित अन्य क्षेत्रों में सप्लाई होती है। अब यहां पानी का संकट गहरा गया है और यहां टैंकरों से सप्लाई करनी पड़ रही है।

### लो प्रेशर और गंदे पानी ने बढ़ाई परेशानी

ध्यान रहे कि अभी निगम क्षेत्र में 1,144 पावर पंप हैं, जिनमें से 982 पंप घरों तक सीधे पानी पहुंचाते हैं लेकिन अमृत मिशन लाइन बंद होने पर निगम को सभी पावर पंप चलाने पड़ रहे हैं। इसके अलावा अमृत मिशन शुरू होने के बाद बंद किए गए 66 ट्यूबवेल फिर से चालू किए गए ताकि किसी तरह सप्लाई को संभाला जा सके। नगर निगम के जल विभाग के अधिकारी अनुपम तिवारी के मुताबिक पंप चालू किए गए हैं और टैंकरों से पानी पहुंचाया जा रहा है। ज्ञात हो कि 40 हजार घरों को रोजाना 42 एमएलडी पानी सप्लाई होती है। मरम्मत के दौरान यह घटकर 30 एमएलडी रह गया है। इसी कारण कि नागरिकों को सिर्फ सुबह के समय पानी मिल रहा है वह भी कम दबाव में। कई क्षेत्रों में लो प्रेशर और कुछ जगहों पर पानी बिल्कुल नहीं आ रहा है। जिन इलाकों में पाइपलाइन में लीकेज है या जहां बड़े पैमाने पर अवैध कनेक्शन हैं, वहां समस्या और बढ़ गई है।

### 40 हजार से अधिक घरों में पहुंचता है पानी

गौरतलब है कि अमृत मिशन योजना के तहत खूंटाघाट जलाशय से सरफेस वॉटर पाइप लाइन के जरिए बिरकोना स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लाया जाता है और वहां से पानी पाइप लाइन के जरिए शहर के घरों में सप्लाई होती है। शहर के लगभग 40 हजार घरों में यह पानी पहुंचता है। फिलहाल नगर निगम द्वारा पहले की तरह ही ट्यूबवेल से टंकियों को भरा जाएगा, उसके बाद घरों को पानी सप्लाई की जा रही है। इसके लिए शहर के अलग-अलग जगहों पर 22 बड़ी-बड़ी टंकियां बनी हुई हैं, जिसमें से 4 नई टंकियां अमृत मिशन तहत बनाई गई हैं। अधिकारियों के मुताबिक इन टंकियों को अमृत मिशन के पाइप लाइन से इंटरकनेक्ट किया गया है।

### तेजी से किया जा रहा है काम

ट्रीटमें प्लांट के सेटलर टैंक के वाल्व में खराबी आ गई है। इसे ठीक करने के लिए पहले कांक्रीट तोड़कर नया वाल्व लगाते हुए फिर से कांक्रीट करनी पड़ी है। इस पूरी प्रक्रिया में कुछ दिन लग सकते हैं। काम तेजी से किया जा रहा है। इसलिए कुछ वार्डों में सुबह के समय ही पानी की सप्लाई हो रही है।

**- प्रकाश कुमार** सर्वे, निगम आयुक्त

# दोगुनी रकम कमाने का झांसा देकर 1 करोड़ 31 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दोगुनी रकम कमाने का झांसा देकर शहर के एक व्यक्ति से 1 करोड़ 31 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।



तोरवा पुलिस के अनुसार, हेमूनगर निवासी कुलवीर सिंह भट्टी हैवंस कंपनी में काम करते थे। उसके बाद उन्होंने कंपनी की नौकरी छोड़ दी। मई 2025 में उनके मोबाइल में अनजान मोबाइल नम्बर से लिंक आया। उन्होंने लिंक सर्च किया तो मैसेज आया। उन्हें पैसा लगाने पर दोगुना कमाने की बात कही गई। उनकी बातों में आकर उन्होंने पैसा जमा करना शुरू कर दिया। मोबाइलधारकों के द्वारा कई तरह के झांसे देकर उन्हें पैसा जमा करने कहा गया। उन्होंने अपने घर के जेवर व रिश्तेदारों से उधार में रकम लेकर जमा कर दिया। विगत 8 माह में उन्होंने 1 करोड़ 31 लाख रुपए जमा किया है। उनके द्वारा दोगुनी राशि मांगने पर उन्हें 85 हजार रुपए और डालने पर रकम देने की बात कहकर घुमाया गया। उसके बाद मोबाइल बंद कर दिया गया है।

यह बात उन्होंने अपने घरवालों व रिश्तेदारों को बताई, तब उन्हें आनलाइन ठगी के शिकार होने की जानकारी दी गई। उसके बाद श्री भट्टी रिपोर्ट लिखाने थाने आए। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 66 घ, 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## झांसा देकर ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पीएम आवास योजना में पैसा दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से सोने चांदी के जेवर, नकद रकम जब्त किया गया है।

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पीएम आवास योजना की राशि स्वीकृत कराने का झांसा देकर पीड़ितों से अमानत के रूप में नकद रकम व सोने चांदी के जेवर लेकर धोखाधड़ी करने की लगातार शिकायतें हो रही थीं। सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया, जिसमें दो युवक पैशन प्रो बाइक क्रमांक सीजी 10 बीवाय, 9201 से आते जाते दिखाई दे रहे थे। फुटेज के आधार पर दीनदयाल कालोनी क्षेत्र से रामप्रसाद यादव उर्फ छन्ना पिता अंजोरीलाल यादव 65 साल पोंड़ी, जितेन्द्र यादव पिता स्व. अजीत यादव 38 साल ढनढन तखतपुर, कन्हैया सोनी पिता पुरूषोत्तम सोनी 45 साल सोनी मोहल्ला को पकड़ कर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। कड़ाई बरतने पर तीनों ने ठगी करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से दो बाइक, 4 हजार 500, सोनी चांदी के जेवर सहित 3 लाख 10 हजार का सामान जब्त किया गया है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।



# पिकअप पलटने से 15 से अधिक लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



पामगढ़ के जेवरा से तुरतुरिया जा रहा पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे पलट गया। हादसा इतना जबरदस्त था, जिसमें 15 से अधिक लोगों को चोटें आई। इसमें से 2 लोगों को गंभीर चोट आई है, जबकि 1 व्यक्ति के दोनों हाथ काटने पड़े हैं। फिलहाल सभी का इलाज सिम्स में जारी है।

- सिम्स में चल रहा है इलाज

पामगढ़ के जेवरा गांव में भीषण सड़क दुर्घटना में 15 लोगों को चोटें आई हैं। हादसा उस समय हुआ जब पिकअप चालक जेवरा से तुरतुरिया में लगे मेले के लिए जा रहा था। इस पिकअप में 15 से 20 लोग सवार थे। ओवर लोड होने के कारण पिकप अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरी। हादसा जेवरा से 2 किमी दूर सड़क के पास हुआ, सुबह 7.30 बजे हुए हादसे के बाद करीब 15 लोगों को तत्काल सिम्स लाया गया, वहीं 4 लोगों का इलाज पास के ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया।

सिम्स लाए गए 15 लोगों में से 3 लोगों को तत्काल छुट्टी दे दी गई, लेकिन 11 लोगों को भर्ती किया गया है। जहां इलाज जारी है।

### इन लोगों को किया गया है भर्ती

हादसे में रागिनी 35 वर्ष,राधा 35 वर्ष, उमा कश्यप 14 वर्ष, समर 13 वर्ष, प्रताप 15, समीर 15 वर्ष, सुमित्रा 27 वर्ष, छत्तू वर्मा 35 वर्ष, रामेश्वरी 24 वर्ष, सालिता 30 वर्ष, खलेश्वर 12 वर्ष और दीपक 15 वर्ष का सिम्स में इलाज किया जा रहा है। इन मरीजों में प्रताप को सर्वाधिक चोट आई है, दोनों के हाथ पूरी तरह से खराब हो चुके है, जिसके चलते उसे रायपुर रिफर किया गया है। वहीं रामेश्वरी के सिर में गंभीर चोट पहुंची है।

### सभी का किया जा रहा है इलाज

सुबह ही मरीजों को लाया गया था, इसमें से प्राथमिक इलाज के बाद अब तक 7 लोगों को हमने घर जाने की सलाह दे दी है, बाकी का इलाज किया जा रहा है।

**-डा लखन सिंह**, अधीक्षक, सिम्स

## छठघाट में बन रहा प्रयास आवासीय विद्यालय

बिलासपुर। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शनिवार को निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे के साथ शहर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान छठ घाट में निर्माणाधीन प्रयास आवासीय विद्यालय के शेष कार्यों को 20 जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

विदित है कि छठघाट में 300 सीटर प्रयास आवासीय विद्यालय का फिनिशिंग कार्य जारी है,जिसे नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल पूरे निर्माण और योजना की विस्तृत रूप से जानकारी लेते हुए किचन, डायनिंग एरिया और बच्चों के क्लास तथा आवास को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर और कमिश्नर ने अशोक नगर से बिरकोना तक और मंगला चौक से आजाद चौक तक बनने वाले सड़क का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मधुबन में नगर निगम द्वारा एजुकेशन हब भी बनाया जा रहा है जिसके निर्माण स्थल का भी जायजा लिया गया। इसके बाद पीएम ई बस सेवा योजना के तहत सिटी बस डिपो में निर्माणाधीन सिटी बस टर्मिनल का भी कलेक्टर ने निरीक्षण किया और कार्य की गति को तेज करते हुए जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। पीएम ई बस सेवा में बिलासपुर को 50 ई बस की सौगात मिलने वाली है जिसके लिए आवश्यक सिटी ई बस टर्मिनल कांप्लेक्स तैयार किया जा रहा है। कोनी स्थित सिटी बस डिपो में कुल साढ़े पांच एकड़ एरिया में 11 करोड़ 45 लाख की लागत से इलेक्ट्रिक बसों के हिसाब से टर्मिनल कांप्लेक्स तैयार किया जाएगा,जहां 13 चार्जिंग स्टेशन,यात्री प्रतीक्षालय,वर्कशॉप आफिस,पार्किंग एरिया,ग्रीन एरिया तैयार किया जा रहा है।

# पटवारी करता था कोचियों के लिए रकबा में हेरफेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

किसानों के दस्तावेजों में कूटरचना कर अवैध धान खपाने के मामले में पुलिस ने अब एक और बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार किए गए कोचिया भाइयों के मोबाइल फोन से मिले सबूतों के बाद पटवारी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पटवारी ही कोचियों को किसानों के दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रकबा बदलकर धान खपाने के लिए देता था। पुलिस द्वारा फिलहाल इस मामले में जांच की जा रही है।

- खपाता था अवैध धान
- पुलिस ने दो पटवारी समेत दो को किया गिरफ्तार

बता दें कि सनावल पुलिस ने यूपी का अवैध धान खपाने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए कुर्लूडीह निवासी 35 वर्षीय श्याम सुन्दर गुप्ता आ. कृष्णकांत प्रसाद गुप्ता व शिवम गुप्ता आ. कृष्णकांत प्रसाद गुप्ता को धारा 3,7 ईसी एक्ट 1955 एवं बीएनएस की धारा 318(4), 3(5) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 400 बोरी अवैध धान, भारी मात्रा में किसानों के कूटरचित दस्तावेज कटा हुआ चेक, लेखा जोखा पर्ची, राशि जमा पर्ची, भरा हुआ विड्रॉल फार्म, जिला सहकारी बैंक से इंडियन बैंक सुपाचुवा (उप्र) का आरटीजीएस फार्म, तौल पर्ची, करीब 400 बोरी अवैध धान, चेक बुक 62 नग, किसान किताब भाग एक 46 नग, भाग- दो 59 नग, वन अधिकार पुस्तिका 2 नग, केसीसी पास बुक 19 नग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का पास बुक 161 नग, बड़ा डायरी 13 नग, पॉकेट डायरी 8 नग, कटा हुआ चेक 22 नग, डेली अटेंडेंस (बिना भरे हुये) जिला सहकारी बैंक का रजिस्टर 02 नग, विड्रॉल फार्म भरा हुआ 261 नग, सामान्य हिसाब किताब एवं बिल पर्ची 550 नग, विड्रॉल फॉर्म कोरा (बिना भरे हुये) 1 बंडल बैंक का जमा पर्ची एवं टोकन पर्ची 150 नग, धान खरीदी केन्द्र का तौल पर्ची 100 नग व नगदी बरामद किया था। पुलिस ने दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं जब पुलिस ने सरगना श्याम सुन्दर गुप्ता के मोबाइल फोन की जांच की तो उसमें से अहम सुराग मिले।

**पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

# खाना देने में देरी की तो बुजुर्ग ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

साल के पहले सनकी वृद्ध ने अपनी पत्नी की डंडे से बेदम पिटाई कर उसकी हत्या कर दी। खाना देने में लेट होने पर आरोपी ने वृद्धा को मौत के घाट उतार दिया। इस मामले में पुलिस ने पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साल के पहले दिन हुई इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।



बताया जा रहा है कि तातापानी चौकी अंतगत ग्राम आम सेन्दुर कोटवारी टाड़ निवासी 65 वर्षीय रामदेव कोड़ाकू आ. स्व. सिधन कोड़ाकू पत्नी रूनिया कोड़ाकू उर्फ रनिया कोड़ाकू के साथ रहता था। 1 जनवरी की शाम लगबघ 6.30 बजे रामदेव ने पत्नी रुनिया उर्फ रनिया कोड़ाकू से खाना मांगा लेकिन बुजुर्ग महिला पति को तुरंत खाना नहीं डे पाई। ऐसे में आक्रोशित रामदेव कोड़ाकू ने बुजुर्ग महिला कि डंडे से बेदम पिटाई कर दी। डंडे से सिर, पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में किए गए वार के कारण महिला की मौत हो गई।

## पति के गाली देने से नाराज पत्नी ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** पति के गाली देने से नाराज हुई पत्नी ने कीटनाशक पी ली। परिजन उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम मानपुर निवासी वेनोति तिर्की पति प्रभू तिर्की (42 वर्ष) 31 दिसंबर को परिवार के लोग नए उपज की खुशी में नया साल का त्यौहार मना रहे थे। इसी बीच परिवार के लोगों ने खाना पीना किया। शराब पीने के पश्चात पति घर के खलिहान में सोने चला गया। कुछ समय बाद पत्नी नशे की हालत में खलियान पहुंची और पति से गाली गलौज करने लगी। जिस पर पति ने भी उसे गाली दे दिया जिससे नाराज होकर पत्नी ने घर में रखे कीटनाशक को पी ली। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां गत शाम उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## खबर संक्षेप

### महिला सरपंच की हत्या का प्रयास, चुनावी रंज और अवैध शराब की रोक बना वजह

**कोरबा।** जिले में एक महिला सरपंच की हत्या करने का प्रयास किया गया। रॉड से किए गए प्राणघातक हमलों में सतरेंगा की सरपंच गंभीर रूप से घायल हुई है। जानकारी के मुताबिक श्रीमती बंधन बाई कंवर ग्राम पंचायत सतरेंगा की वर्तमान में सरपंच है। पंचायत चुनाव के समय बंधन बाई के विरूद्ध जो सरपंच के पद पर खडे हुये थे, उसको झूलसिह पण्डो सपोर्ट करता था किन्तु चुनाव में हार जाने के बाद चुनावी रंजिश बंधन बाई से रखने लगा था। हाल ही में 31 दिसम्बर को गांव में शराब विक्रय करने वालों के खिलाफ महिला समूह के साथ गांवों में भ्रमण कर सरपंच द्वारा उन्हें समझाईश दिया गया था। इस दौरान झूलसिंह पण्डो को भी अवैध शराब निर्माण करने से मना किया गया था। इसी कारण 1 जनवरी की शाम लगभग 4.30 बजे जब सरपंच बंधन बाई घर पर अकेली थी, तभी झूलसिंह पण्डो जबरन घर के भीतर घुस कर एवं बंधन बाई को सरपंच पद से इस्तीफा देने के लिए कहा। इस बात से इंकार करने पर सरपंच को जान से मारने की नीयत से लोहे के वजनी रॉड से प्राण घातक हमला उसके सिर, छाती, पीठ एवं गले पर किया। हमले से बंधन बाई को अत्यधिक गंभीर चोटें आयी तथा अत्यधिक खून बहा। बंधन बाई की चीख पुकार सुनकर पड़ोसी वहां पहुंचे तो झूलसिंह पण्डो वहां से भागकर पुराना सरपंच धनसिंह कंवर के घर घुस गया। घटना की सूचना मिलने पर प्रार्थी गणेश सिंह कंवर अपनी बड़ी माँ की जान बचाने हेतु कृष्णा हास्पीटल कोरबा में भर्ती कराया है। सरपंच की हालत बहुत नाजुक बताई जा रही है। गणेश की रिपोर्ट पर झूलसिंह पण्डो के विरुद्ध धारा 109, 332(बी) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### अवैध खनन और परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई




**कोरबा।** कलेक्टर के निर्देश के बाद खनिज और राजस्व अमला अचानक जिले के अलग-अलग इलाकों में दबिश देकर अवैध खनन और परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक चूना पत्थर के अवैध उत्खनन के 12 मामले और रेत के अवैध परिवहन के 3 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। वहीं ग्राम ढेलवाढीह में अवैध मिट्टी (ईंट) उत्खनन के सात स्थानों पर राजस्व विभाग ने कार्रवाई की। खनिज विभाग के उप संचालक पीके नायक ने न्यूज पॉवर जोन से बात करते हुए कहा कि जिले में रेत की 20 स्वीकृत खदानों से ही आपूर्ति हो रही है, इसके बावजूद अवैध धंधे पर शिकंजा कसने के लिए अभियान तेज किया गया है। रेत नियम 2025 के तहत दो खदानों की ई-निविदा भी पूरी कर ली गई है। कार्रवाई के दौरान सलीहा भांटा, नौनबिर्रा, दर्री, हरदीबाजार और सर्वमंगला जैसे इलाकों में खलबली मची रही। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि आने वाले दिनों में अवैध खनन के खिलाफ और भी बड़ी कार्रवाई देखने को मिलेगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### ठेका कर्मियों को...

प्रदान किया जाए। साथ ही ठेका कर्मियों को पहचान पत्र व वेतन पर्ची जारी करने की मांग की गई है। निर्धारित फार्म में टाइम आफिस में हाजिरी लगाने, सीएमपीएफ सदस्य बनाने और नियमित सीएमपीएफ कटौती की मांग की है। उनके वेतन से अब तक किए गए सीएमपीएफ के कटौती की मांग संगठन ने रखी है। ठेका श्रमिकों को नियुक्ति पत्र, नियमानुसार अवकाश व खदान में कंपनी द्वारा संचालित अवैध कैंप को तत्काल प्रभाव से बंद करने की मांग की है। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर 9 जनवरी को आंदोलन की चेतावनी दी है।

### आदिवासी महासम्मेलन...

में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि यह सर्वे कार्य गैरकानूनी है, क्योंकि ग्रामसभा से न तो प्रस्ताव लिया गया है और न ही ग्रामीणों को परियोजना के तथ्यों और संभावित प्रभावों की जानकारी दी गई है। ग्रामीणों ने कहा कि वे पीढ़ियों से इस भूमि, जंगल और संसाधनों पर निर्भर हैं। उनका कहना है कि कोयला परियोजना लागू होने से विस्थापन, आजीविका संकट, वनाधिकारों की समाप्ति और पर्यावरणीय क्षति का खतरा बढ़ जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे बिना सहमति के विकास के नाम पर किसी भी निर्णय को थोपे जाने का विरोध करते रहेंगे। सभा के दौरान ग्रामीण प्रतिनिधियों ने मांग की कि जब तक ग्रामसभा की विधिवत बैठक आयोजित कर सहमति नहीं ली जाती, तब तक सर्वेक्षण और उससे जुड़े सभी कार्य तत्काल रोके जाएं। उन्होंने अधिकारियों से पारदर्शी जानकारी देने, प्रभाव आकलन रिपोर्ट सार्वजनिक करने और ग्रामीणों से संवाद स्थापित करने की भी अपील की।

# खदान दुर्घटना में मृत्यु पर अनुग्रह राशि 15 लाख से बढ़ाकर 25 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोल इंडिया ने अपनी वी केयर पहल के तहत खदान दुर्घटना में होने वाली दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की स्थिति में देय अनुग्रह राशि को 15 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया है। यह बढ़ा हुआ मुआवज़ा नियमित कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों दोनों पर समान रूप से लागू होगा। मृतकों के परिवारों को सीधे भुगतान किया जाएगा, जिससे समय पर और पारदर्शी सहायता सुनिश्चित होगी। हालांकि कर्मचारियों को लेकर शून्य क्षति मिशन बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि कोयला मंत्रालय ने कोल इंडिया के कर्मचारियों के लिए नई वर्दी, कॉर्पोरेट वेतन पैकेज (सीएसपी) और अनुग्रह लाभों में बढ़ोतरी शुरूआत की है। कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में इन पहलों को कोयला श्रमिकों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण में सुधार पर विशेष ध्यान देते हुए सावधानी पूर्वक डिजाइन और कार्यान्वित किया गया है। कोयला श्रमिकों के कल्याण, सुरक्षा और सम्मान को राष्ट्रीय विकास के केंद्र में रखा गया है। यह दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि देश की ऊर्जा सुरक्षा में उनके योगदान को सम्मान, संरक्षण और निरंतर समर्थन मिले।

### संविदा कर्मियों के लिए सीएसपी के तहत बीमा कवरेज किया गया 40 लाख रुपए

**खास बातें**

- मृतक के परिजनों को किया जाएगा सीधे भुगतान
- बैंकों और छग राज्य ग्रामीण बैंक के साथ हुआ समझौता



यह बढ़ी हुई अनुग्रह राशि कोल इंडिया के उस संकल्प को दर्शाती है कि नुकसान होने पर तुरंत और सहानुभूतिपूर्वक कार्रवाई की जाए और प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा रहा जाए। सुरक्षा हर कर्मचारी की-सुरक्षा में एकजुट, भविष्य के लिए सशक्त टैगलाइन के तहत शुरू किया गया कॉर्पोरेट वेतन पैकेज, कोल इंडिया के कर्मचारियों की वित्तीय सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। यह एक दूरदर्शी वित्तीय पहल है जिसे प्रत्येक कोयला कर्मचारी और उनके परिवार को निर्बाध, सुरक्षित और आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह पैकेज नियमित कर्मचारियों के लिए 1 करोड़ रुपये और संविदा कर्मचारियों के लिए 40 लाख रुपये का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवरेज प्रदान करता है। इस योजना के तहत 2.15 लाख नियमित कर्मचारी और 44 हजार संविदा कर्मचारी पहले ही नामांकित हैं। इसे दस प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के साथ समझौता ज्ञापन के माध्यम से कार्यान्वित किया गया है, जिससे लाभों की व्यापक पहुंच और कुशल वितरण सुनिश्चित होता है। इसके लिए कर्मचारियों को कोई प्रीमियम देने की आवश्यकता नहीं है। लाभ सीधे भागीदार बैंकों के माध्यम से प्रदान किए जाते हैं, जिससे यह वास्तव में एक कल्याणकारी पहल बन जाती है।

## दान का प्रतीक छेरछेरा पर्व अंचल में मनाया गया धूमधाम से

# शहर से लेकर गांव की गलियों में लोकपर्व छेरछेरा की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ का पारंपरिक और अन्नदान का महापर्व छेरछेरा शनिवार को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। छोटे बच्चों के साथ युवाओं की टोलियां डंडा नाच और पारंपरिक गीतों के साथ गांव-गांव निकलकर छेरछेरा मांगते दिखे। मान्यता है कि छेरछेरा के दिन डंडा नाच करने से देवी-देवताओं और प्रकृति की कृपा बनी रहती है और आने वाला वर्ष खुशहाल होता है, कई क्षेत्रों में इसे रक्षा और समृद्धि का प्रतीक भी माना जाता है, जहां डंडा बुराई से रक्षा और साहस का संकेत देता है।

छेरछेरा पर्व पर बच्चों और युवाओं की टोलियां घर-घर दस्तक देकर पारंपरिक गीत गाती हैं छेरछेरा माई, कोठी के धान ला हेरते हेरा और किसान परंपरा निभाते हुए धान और चावल का दान करते हैं, वही युवकों की टोली मांदर, झांझर और मंजीरा की धुन पर डंडा नाच करते हुए गांव में उत्सव का माहौल बना देते हैं, दान से जुटे अनाज का उपयोग वाद्ययंत्रों की मरम्मत और सामाजिक-धार्मिक कार्यों में किया जाता है.पौष पूर्णिमा को मनाया जाने वाला छेरछेरा पुन्नी दान और समृद्धि का प्रतीक है, मान्यता है कि इस दिन दान करने से घर में अन्न की कभी कमी नहीं होती है।

### बच्चे बड़े बुजुर्ग सभी घर-घर जाकर कर मांगा छेर छेरा



छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक पर्व छेरछेरा की शनिवार को ग्रामीण अंचलों में एक अलग ही नजारा देखने को मिला। सुबह से ही गांवों की गलियों, मोहल्ले में छेरछेरा पर्व की रौनक दिखाई दी। पारंपरिक तौर पर बच्चे, युवा और बुजुर्गों ने छेरछेरा माई, कोठी के धान ला हेरते हेरा के आवाज के साथ घर-घर पहुंचे और अन्नदान लिया। ग्रामीणों ने अपनी परंपरा के अनुसार अन्नदान तो किया ही बच्चों को चौकलेट, बिस्किट का दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया । जिससे गांवों में विशेष उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। छेरछेरा पर्व केवल अन्नदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आपसी भाईचारे, सहयोग और सामाजिक समरसता का मजबूत संदेश देता है। इस अवसर पर कई गांवों में लोकगीत, पारंपरिक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### बोईदा में घर-घर जाकर बच्चों ने मांगा छेर छेरा



छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक पर्व छेरछेरा की इन दिनों ग्रामीण अंचलों जबरदस्त धूम देखने को मिला बोईदा में छेरछेरा त्यौहार के अवसर पर लोकगीत, पारंपरिक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक, हर वर्ग ने इस पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाया और छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति को जीवंत बनाए रखा। इस अवसर पर बलदेव जगत, राजकुमार मरावी, बसंत मरावी, राजकुमार पटेल,तुलाराम सिदार, द्वारिका यादव,केतन मरावी, उमाशंकर कंवर सहित ग्रामीणों ने छेरछेरा त्यौहार मनाया।

### रजगामार में मना छेरछेरा पर्व

रजगामार में छेरछेरा उत्साह के साथ मनाया गया। धान की फसल कटाई के बाद मनाए जाने वाला छत्तीसगढ़ का मुख्य लोक पर्व छेरछेरा त्यौहार शनिवार को मनाया गया। शहर से लेकर गांव की गलियां तक निर्वहन किया गया। इस अवसर पर छोटे बच्चे अपने साथ थैला लेकर घर-घर जाकर छेरछेरा मांगते दिखे। वहीं बड़े बुजुर्गों और एक दूसरे को छेरछेरा की बधाई देते रहे।



# बिजली बिल पर पड़ेगी मार, नियामक आयोग में दाखिल हुई याचिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश में नए वित्तीय वर्ष से बिजली उपभोक्ताओं को महंगाई का झटका लग सकता है। राज्य में बिजली दरों में बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। इसको लेकर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी ने राज्य विद्युत नियामक आयोग में 6 हजार करोड़ घाटे का हवाला देते हुए याचिका दाखिल की है। विद्युत कंपनी ने याचिका में दावा किया है कि उसे लगभग 6 हजार करोड़ रुपये के घाटे का सामना करना पड़ रहा है। इसी घाटे की भरपाई के लिए कंपनी ने सरकार और नियामक आयोग के सामने औसतन 24 प्रतिशत तक टैरिफ बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है। कंपनी का कहना है कि बढ़ती उत्पादन लागत ट्रांसमिशन खर्च और अन्य परिचालन व्ययों के कारण उसकी वित्तीय स्थिति प्रभावित हुई है। ऐसे में बिजली दरों में संशोधन आवश्यक हो गया है। अब इस प्रस्ताव पर राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा जनसुनवाई के बाद अंतिम फैसला लिया जाएगा। यदि प्रस्ताव मंजूर होता है तो घरेलू, कृषि और औद्योगिक उपभोक्ताओं की बिजली का बिल बढ़ना तय माना जा रहा है। बिजली दरों में संभावित बढ़ोतरी को लेकर राज्य में सियासी और सामाजिक स्तर पर चर्चा तेज होने की संभावना है।

### लर्निंग लाइसेंस हेतु जिले में विशेष शिविर 7 से

**बलरामपुर।** सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत परिवहन एवं पुलिस विभाग के द्वारा लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किया जा रहा है । जिसके अंतर्गत 7 जनवरी को सबाग, तहसील कार्यालय सामरी, कुसमी में एक दिवसीय शिविर ,तहसील कार्यालय कुसमी, शंकरगढ़ , राजपुर में 8 एवं 9 जनवरी को दो दिवसीय, रामानुजगंज में 11 एवं 12 जनवरी, पुराना बस स्टैंड बलरामपुर में 7 एवं 8 जनवरी,तहसील कार्यालय वाड्रफनगर में 11 एवं 12 जनवरी को शिविर आयोजित किया जाएगा। जो भी लाइसेंस बनवाना चाहते हैं आधार कार्ड , पेन कार्ड, दसवीं का मार्कशीट लेकर उपस्थित होंगे।

# माँ शाकंभरी व सावित्रीबाई फुले जयंती पर जरूरतमंदों को किया फल-सब्जी वितरण



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक और आस्था से जुड़े त्योहार छेरछेरा के पावन अवसर पर जिले के कटघोरा में मरार समाज द्वारा सामाजिक समरसता, शाकाहार और प्रकृति संरक्षण का संदेश देने वाला प्रेरणादायी आयोजन किया गया। पौष पूर्णिमा के शुभ दिन मरार समाज ने अपनी आराध्य देवी माँ शाकंभरी जयंती एवं भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर जरूरतमंद लोगों को फल एवं हरी सब्जियों का निःशुल्क वितरण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मरार समाज के प्रदेशाध्यक्ष आत्मानारायण पटेल ने की। आयोजन में मरार समाज के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवा शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने कहा कि माँ शाकंभरी का आशीर्वाद छत्तीसगढ़ प्रदेश को प्राप्त हो रहा है। छेरछेरा का पर्व दान-पुण्य का पर्व है और इस दिन किया गया दान पुण्य लाभ एवं समृद्धि प्रदान करता है। यह अत्यंत सराहनीय है कि छत्तीसगढ़ का मरार पटेल समाज इस पावन परंपरा को निष्ठा के साथ निभा रहा है और निःशुल्क सब्जी वितरण के माध्यम से समाज को शाकाहार और सेवा का संदेश दे रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक सोच, सहयोग और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष बजरंग पटेल,गंगा पटेल, पार्षद शिवमती पटेल, रमेश पटेल,अजय गर्ग पत्रकार अजय धनोदिया, शारदा पाल सहित मरार समाज के अनेक गणमान्य नागरिक व नगरवासी उपस्थित रहे।

### ग्राम बेलाकछार में मनाया गया छेरछेरा पर्व

ग्राम बेला कछार बालको नगर में छेरछेरा मनाया गया। धान की फसल कटाई के बाद मनाए जाने वाला छत्तीसगढ़ का मुख्य लोक पर्व छेरछेरा त्यौहार शनिवार को मनाया गया शहर से लेकर गांव की गलियों तक निर्वहन किया गया इस अवसर पर छोटे बच्चों की तोलिया घर-घर जाकर छेरछेरा मांगते गए वही बड़े बुजुर्गों और एक दूसरों को छेरछेरा की बधाई देते रहे।



### शहरी क्षेत्र में उत्साहपूर्वक मनाया गया छेरछेरा पर्व

**कोरबा।** शहरी क्षेत्र में भी इस लोकपर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और लोगों ने परंपराओं को जीवंत रखते हुए पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। धान की फसल कटाई के बाद मनाया जाने वाला छत्तीसगढ़ का प्रमुख लोकपर्व छेरछेरा शनिवार को शहरी क्षेत्र सहित गांव-गांव में पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर की गलियों से लेकर ग्रामीण अंचलों तक लोकसंस्कृति की छटा देखने को मिली। पर्व के दौरान छोटे-छोटे बच्चों के समूह हाथों में थैली लेकर घर-घर पहुँचे और परंपरागत रूप से छेरछेरा छेरछेरा कहते हुए दान में चावल, धान, पैसे व अन्य सामग्री एकत्र करते नजर आए। वहीं बुजुर्गों और युवाओं ने एक-दूसरे को छेरछेरा पर्व की शुभकामनाएँ दीं।



# पूर्वांचल सर्वसमाज विकास समिति के नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पूर्वांचल विकास समिति के अध्यक्ष का स्वागत करते पूर्व महापौर एवं अन्य।

पूर्वांचल सर्वसमाज विकास समिति की पूर्व में आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय के अनुरूप नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन डॉ. राजेंद्र प्रसाद भवन में किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अवधेश सिंह ने कहा कि समिति के संविधान के प्रावधानों के अनुसार सदस्यता शुल्क के साथ जिलेभर में व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। वहीं नवनियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि समिति की मुख्य कार्यकारिणी के साथ-साथ महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ का गठन अतिशीघ्र किया जाएगा, जिससे समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। समारोह के दौरान संगठन की जमीनी पकड़ और सामाजिक सक्रियता को और मजबूत बनाने हेतु विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। आयोजन में समिति के सौ से अधिक सदस्यों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में झारखंड, बिहार एवं उत्तर प्रदेश से जुड़े सर्व समाज के लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर समिति के संरक्षक राजकिशोर प्रसाद, अध्यक्ष अवधेश सिंह, सचिव अरविंद शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष विकास सिंह, प्राण नाथ मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## उद्योग मंत्री ने भवन का किया लोकार्पण, विकास के लिए की 50 लाख की घोषणा

# वनवासी जनजातीय समाज के बच्चों की शिक्षा का केंद्र बनेगा अंजोर: लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भवन का लोकार्पण करते उद्योग मंत्री एवं अन्य।

कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने शनिवार को मिनीमाता कॉलेज के पीछे भवन अंजोर का लोकार्पण कर भवन की चाबी गौमुखी सेवा धाम के पदाधिकारियों को सौंपी। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आज बहुत हर्ष का विषय है कि वनवासी जनजातीय समाज के बच्चों की शिक्षा, युवाओं के कौशल विकास, महिलाओं के स्वालंबन एवं सांस्कृतितक संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक पहल होने जा रही है। वनवासी बच्चों को बेहतर सुविधाएं यहां मिलने लगेगी।

गौमुखी सेवा धाम देवपहरी आज आस्था के साथ साथ जनजातीय समाज के बच्चों की शिक्षा और जागरूकता की मिशाल बन चुकी है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि इस भवन में बच्चे रहकर पढ़ाई पूरी करेंगे। उन्होंने भवन के विभिन्न विस्तार और विकास के लिए 50 लाख रूपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि पूर्व के सरकार में इस भवन को किराए पर कुछ लोगों द्वारा चलाया जा रहा था। निगम में भाजपा की सरकार बनने के बाद उक्त लोगों का कब्ज़ा हटा कर मरम्मत कराया गया। आज बड़े हर्ष का विषय है कि भवन को गौमुखी सेवा धाम को सौंपा जा रहा है। इस अवसर पर विभाग सह संचालक किशोर बुटोलिया, विभाग संघचालक सत्येंद्र दुबे, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, गोमुखी सेवा धाम के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सचिव योगेश जैन, जिला संघचालक डॉ.विशाल उपाध्याय, जिला कार्यवाह कैलाश नाहक, विद्या भारती मध्य क्षेत्र उपाध्यक्ष जुडावन सिंह ठाकुर, पार्षद अशोक चावलानी, नरेंद्र देवांगन, लक्ष्मण श्रीवास, धनकुमारी गर्ग, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, महामंत्री अजय विश्वकर्मा, रुक्मणी नायर सहित अधिक संख्या में विशिष्ट जनों की गरिमामयी उपस्थित रही।

## हरदीबाजार मंडल ने धूमधाम से मनाया विधायक प्रेमचंद का जन्मदिन



विधायक का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी।

हरदीबाजार। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल का जन्मदिन हरदीबाजार मंडल द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वर्क क्लब गेवरा में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और विधायक के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर विधायक प्रेमचंद पटेल ने कार्यकर्ताओं के स्नेह और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि जनता एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में एसईसीएल दीपका के विधायक प्रतिनिधि और मंडल के कोषाध्यक्ष व्यास राठौर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। व्यास राठौर, कृष्णा पटेल मंडल अध्यक्ष हरदीबाजार एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने विधायक का फूलमालाओं से स्वागत कर उनका अभिवादन किया।

## खबर संक्षेप

### जिला परिवहन अधिकारी को दी गई विदाई

**कोरबा।** जिला परिवहन विभाग में पदस्थ परिवहन निरीक्षक पंचम सिंह गोंड के 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर परिवहन विभाग कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा ने पंचम सिंह को साल श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सदानंद जांगड़े, संजय वस्त्रकर सहित विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि पंचम सिंह गोंड ने वर्ष 1986 से 2025 तक लगभग 39 वर्षों तक परिवहन विभाग में अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान वे बिलासपुर, कोरबा, रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, अंबिकापुर सहित नक्सल प्रभावित क्षेत्र कोंटा और सुकमा में भी ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ रहे। विभिन्न जिलों में रहते हुए उन्होंने विभागीय दायित्वों का ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से निर्वहन किया। विदाई समारोह के दौरान उनके सम्मान में व्यक्त किए गए। समारोह के अंत में विभाग की ओर से उन्हें सम्मानित करते हुए अनेक अधिकारी कर्मचारियों ने उन्हें सम्मानित किया।

### एनटीपीसी कोरबा इंटक परिवार ने किया नववर्ष अभिनंदन

**कोरबा।** गुरुवार को जहां हर किसी ने अपनी-अपनी प्लानिंग के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेट किया, एनटीपीसी कोरबा इंटक परिवार ने भी उत्सव के साथ नववर्ष का स्वागत किया। श्रमिक बंधुओं ने अपने ही अंदाज में नववर्ष का स्वागत किया गया। यूनियन के पदाधिकारी एवं श्रमिक साथी टाउनशिप स्थित इंटक यूनियन कार्यालय में एकत्र हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से इंटक कोरबा के जनरल सेक्रेटरी एनके तिवारी, एडिशनल सेंट्रल लीडर केपी चंद्रवंशी, कार्यकारी अध्यक्ष गौरव झा के अलावा यूनियन के 50 से ज़्यादा सदस्यों ने मौजूदगी दर्ज कराते हुए को इंटक कार्यालय में संगीत, डांस, डिनर और बोनफायर के साथ नए साल के स्वागत का उत्सव मनाया। बीते वर्ष की गतिविधियों, उपलब्धियों पर मंथन कर अपनी यादें साझा की। इस के साथ ही नववर्ष 2026 को लेकर नवीन लक्ष्य भी निर्धारित किए गए, जिन्हें मिलकर हासिल करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में इंटक लारा चुनाव जीतने की खुशखबरी भी साझा की गई। साथ ही सभी साथियों ने एक दूसरे को आने वाले नए साल में अच्छे स्वास्थ्य, ढेर सारी खुशियों की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।

### शिवी ने ऑल इंडिया नेशनल डांस प्रतियोगिता में जीता प्रथम स्थान



**कोरबा।** नाट्य नर्तन ऑल इंडिया नेशनल डांस, म्यूज़िक एवं फाइन आर्ट्स प्रतियोगिता एवं महोत्सव में जिले की छात्रा कु. शिवी प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इससे पूर्व भी कु. शिवी प्रजापति ने विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक मंचों पर अपनी प्रस्तुतियों से सराहना प्राप्त की है और ऑनलाइन कथक प्रशिक्षण के माध्यम से लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का मान बढ़ाया है। शिवी डीपीएस स्कूल बालको की कक्षा 6वीं की छात्रा है।

### नारी सशक्तिकरण व उत्पीड़न पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**कोरबा।** नारी सशक्तिकरण एवं उत्पीड़न को लेकर पावर इंपीरिया स्थित फ्रेंड ग्रुप्स के द्वारा श्रीमती कल्पना मिश्रा के मार्गदर्शन में एक संगोष्ठी रखी गई। जिसमें श्रीमति सोनल शाह, अलका फ्लिप, बबली कौर, रेखा श्रीवास्तव, अर्चना गुहा राय, मधु चौधरी, आरती पालीवाल, चीनासा राठौर, पुष्पांजलि राउत, अनिमा सारंगी, सरिता अग्रवाल, अनीता सिंह व अर्चना मिश्रा ने हिस्सा लिया।

## गुरु गोविंद सिंह की जयंती...




**कोरबा।** प्रकाश पर्व के रुप में मनाई जाने वाली गुरु गोविंद सिंह की जयंती अवसर पर शनिवार को पंच प्यारे की अगुवाई में सिख समाज की शोभायात्रा शहर के पुराने कोरबा स्थित गुरुद्वारा से निकलकर टीपी नगर गुरुद्वारा में समाप्त हुई। इस दौरान सिख समाज के महिला पुरुष बड़ी संख्या में शोभायात्रा में शामिल थे। शहर और उप नगरीय क्षेत्रों के गुरुद्वारा में जयंती अवसर पर सबद कीर्तन का आयोजन किया गया और दोपहर बाद गुरुद्वारा से शोभायात्रा निकाली गई।

### विधायक प्रतिनिधि ने भी मारपीट का लगाया आरोप

# विधायक प्रतिनिधि ने पुलिस चौकी में आरक्षक से की मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया के विधायक प्रतिनिधि द्वारा राजेन्द्र जांगड़े से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। युवक जब अपने ममेरे भाई आरक्षक विकास कोसले के साथ मामले की

**खास बात**

- ममेरे भाई के साथ मारपीट करने पर शिकायत

शिकायत करने रजगामार चौकी पहुंचा तो विधायक प्रतिनिधि जयकिशन पटेल भी थाने पहुंच गया और रिपोर्ट लिखाने की बात को लेकर आरक्षक विकास कोसले के साथ भी जातिगत गाली गलौच करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया। मारपीट के मामले में पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया है। कुल तीन अलग अलग एफआईआर दर्ज की गई है।

आरक्षक विकास कोसले पिता आजूराम कोसले ओमपुर क्वाटर नंबर एम 745 में निवासरत है। उसके साथ विधायक प्रतिनिधि जयकिशन पटेल के द्वारा रजगामार चौकी में स्टॉफ के सामने आतिगत गाली गलौच करते हुए मारपीट की गई है। आरक्षक क्रमांक 528 विकास कोसले थाना करतला में कार्यरत है। वह 31 दिसंबर 2025 को थाना करतला से डाक वितरण करने पुलिस अधीक्षक कार्यालय आया हुआ था। डाक जमा करने बाद वह अपने घर ओमपुर एम 745 ओमपुर में रुका हुआ था। रात्रि 10 बजे के लगभग उसके मामा का लड़का राजेन्द्र जांगडे घर में दौड़ते हुए आया और बताया कि जयकिशन पटेल ने उसके साथ जातिगत गाली गलौच करते हुए मारपीट किया है और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरक्षक विकास कोसले राजेन्द्र को अपने साथ लेकर रजगामार चौकी पहुंचा और रिपोर्ट करने के लिए आवेदन लिख रहा था, इसी दौरान जयकिशन रजगामार चौकी पहुंचा और आरक्षक विकास कोसले के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगा। चौकी स्टाफ द्वारा मना करने पर भी जयकिशन नहीं मान रहा था और आरक्षक विकास कोसले को चौकी में ही जान से मारने की धमकी देते लगा। विकास कोसले की रिपोर्ट पर जय किशन पटेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। वहीं राजेन्द्र जांगड़े ने शिकायत दर्ज करायी है कि वह 31 दिसंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने गांधी चौक गया था, जहां जयकिशन पटेल आया और चल तेरे से बात करना है, बोल कर मंच के पीछे ले गया, जहां जयकिशन ने अपने हाथ में रखे डंडा से मारपीट करना चालू कर दिया। राजेन्द्र के द्वारा बीच बचाव करते हुए डंडा को छीन कर फेंक दिया तो उसके बाद हाथ से मारने लगा। साथ ही जातिगत गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह अपनी जान बचाते हुए वहां से भागा और अपने फुफा के घर गया जहाँ फुफा के लडका को उठा कर घटना के बारे में बताया। उसके साथ चौकी रजगामार में रिपोर्ट करने पहुंचा। पुलिस ने मामले में राजेन्द्र जांगडे की रिपोर्ट पर जय किशन पटेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

**जयकिशन ने भी लिखाई रिपोर्ट**

विधायक प्रतिनिधि ने भी आरक्षक विकास कोसले व राजेन्द्र के द्वारा मारपीट कर जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट लिखाई है। जयकिशन पटेल ने बताया है कि वह कार्यकम कराने गया था। ओमपुर रजगामार में रात्रि 10 बजे के करीब सुरेश उर्फ लल्लु के द्वारा मुझे बुलाया गया और गांधी चौक ओमपुर में उसके साथ विकास कोसले और राजेन्द्र के द्वारा मारपीट की गई। इस दौरान विकास कासले द्वारा उसके मोबाईल लूटने व छीनाझपटी की गई। किया और जान से मारने की धमकी दी गई। प्रार्थी जयकिशन पटेल की रिपोर्ट पर विकास कोसले व राजेन्द्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 3(5), 351(3) के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## घर से कार लाकर निकाला हूटर, उतारी ब्लैक फिल्म




कार्यवाही करते यातायात पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नव वर्ष की पूर्व रात्रि सड़क पर हुड़दंग करते हुए कार चलाने एवं कार में हूटर लगाकर पुलिस के सायरन की तरह बजाते हुए लोगों को परेशान करने वाले चालक पर यातायत नियमों के तहत कार्रवाई की गई है।

कार सीजी 12 बीबी 9917 के चालक द्वारा इस हरकत को अंजाम दिया गया। निहारिका क्षेत्र की सड़क पर तेज रफ्तार से कार चलाते हुए हूटर बजाकर हलाकान करने का मामला संज्ञान में आने के उपरांत यातायात पुलिस के द्वारा कार्रवाई की गई। शिवा राठौर पिता मुकेश कुमार निवासी पथर्रीपारा के विरुद्ध कार में ब्लैक फिल्म, हूटर लगा कर यातायात नियम का पालन नहीं करने पर 4 हजार 300 रुपए का चालान काटा गया। यातायात एएसआई मनोज कुमार राठौर ने कहा कि एसपी सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए फिल्म और हूटर को निकालने के लिए शिव राठौर के घर से कार लेकर यातायात थाना लाया गया। श्री राठौर ने कहा है कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल के शिक्षकों को नहीं मिला वेतन, कलेक्टर ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के पसान उप तहसील क्षेत्र का शनिवार को

**खास बातें**

- पसान अस्पताल को मिलेगी नई बिल्डिंग, मांगा गया प्रस्ताव
- चार माह से बंद पड़े कार्य के लिए हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को किया तलब

निरीक्षण किया। इस दौरान स्वामी आत्मानंद स्कूल के शिक्षकों को वेतन नहीं मिलने की समस्या सामने आने पर उन्होंने सीईओ जिला पंचायत को दोषी अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश जारी किए। वहीं पसान अस्पताल निरीक्षण के दौरान पुरानी बिल्डिंग के जगह नई बिल्डिंग के प्रस्ताव भेजने के भी निर्देश दिए।



जनप्रतिनिधि से समस्याओं की जानकारी लेते कलेक्टर।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत पसान क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी शिक्षण संस्थान, स्वास्थ्य केंद्र, धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। पसान पहुंचने पर पोड़ी उपरोड़ा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष प्रकाश जाखड़ ने कलेक्टर श्री दुदावत को क्षेत्र की जन समस्या से अवगत कराते हुए पसान के सबसे पुराना तालाब के सौंदर्यीकरण की मांग रखी। कलेक्टर ने अपने निरीक्षण के दौरान स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल पहुंचे जहां की शिक्षण व्यवस्था की जानकारी लेने के दौरान उन्हें शिक्षकों को तीन माह से वेतन नहीं मिलने की जानकारी सामने आने के बाद मौके पर मौजूद सीईओ जिला पंचायत श्री नाग को इस बात की निर्देश दिये कि जिन अधिकारियों के कारण शिक्षकों को वेतन नहीं मिला है उन अधिकारियों का वेतन बाद में दिया जाएगा। पहले शिक्षकों का वेतन दिया जाए। साथ ही इसके लिए दोषी अधिकरियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री दुदावत अपने दौरे के तहत सीधे अस्पताल पहुंचे जहां अस्पताल के पीछे हाउसिंग बोर्ड के द्वारा बनाया जा रहा भवन पिछले चार माह से बंद होने की जानकारी जब मिली तो उन्होंने इसके लिए मौके पर मौजूद हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को तलब कर इसकी जानकारी ली। इसी तरह जर्जर बिल्डिंग की जगह नई बिल्डिंग बनाए जाने का प्रस्ताव भेजने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

**कार्यपालन अभियंता को दिये निर्देश**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत ने क्षेत्र में चल रहे शासकीय योजनाओं के निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया जो लंबे समय से अधूरे पड़े हुए थे, इसके लिए कलेक्टर ने आरईएस के ई को तलब कर कहा कि जब किसी भी क्षेत्र का दौरा किया जाए तो निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार मौके पर होने चाहिए।

## घर में रखें दो कुर्सी के बीच बैठा था 5 फिट का कोबरा, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कनकेश्वर धाम कनकी में निवासरत एक व्यक्ति के घर में 5 फीट लंबा कोबरा निकलने हड़कंप मच गया। रात्रि लगभग 10 बजे जब घर वाले सोने की तैयारी कर ही रहे थे तभी कुछ चलता हुए प्रतीत हुआ, फिर ठीक से देखने पर सांप नजर आया। जिसके बाद घर वाले तत्काल घर से बाहर निकल गए और मदद के लिए आसपास के लोगों को बुलाया। हालांकि डर से किसी की हिम्मत नहीं हुई तब तक कोबरा दो कुर्सी के बीच में जाकर बैठ गया था, फिर गांव के युवक बसंत रजवाड़े ने घटना की सूचना वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम (नोवा नेचर) के जितेंद्र सारथी को दिया। जिसके बाद जितेंद्र सारथी अपने टीम के सदस्य सिद्धांत जैन के साथ कनकी पहुंचे। फिर कमरे में बैठें सांप को बड़ी सावधानी से बाहर निकाला, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।



### राशनकार्ड अपडेट कराने दिया गया समय

**बांकीमोंगरा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में नगर पालिका चुनाव के पूर्व 8 वार्ड थे जो वर्तमान में बढ़कर 30 हो गए हैं। जिन हितग्राहियों के राशन कार्ड में वार्ड अपडेट नहीं हुआ है उनके लिए नगर पालिका परिषद द्वारा कार्यालय में राशन कार्ड में वार्ड अपडेट कार्य प्रारंभ किया गया है। जो 31 जनवरी तक जारी रहेगा। अपने राशन कार्ड में वार्ड अपडेट करने हेतु हितग्राही राशन कार्ड, मुखिया के आधार कार्ड की फोटो कॉपी, नया वार्ड क्रमांक की जानकारी एवं मोबाइल नंबर सहित कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

**हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना**

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# कुछ अपराधों में वृद्धि तो कुछ पर किया गया नियंत्रण : सिद्धार्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि बीते वर्ष लगभग सात हजार मुकदमे दर्ज किए गए। जिनमें से 88 प्रतिशत मामले अदालत के सुपुर्द कर दिए गए है। उन्होंने बताया कि कुछ अपराध बड़े हैं तो सड़क दुर्घटना में कमी आई है। उन्होंने कहा है कि मेरा प्रयास बेसिक पुलिसिंग पर फोकस करना होता है जो आम जनता से जुड़ा है। एसपी श्री तिवारी ने बताया कि पिछले वर्ष 7241 अपराध पंजीबद्ध किए गए थे जिनमें से 88 प्रतिशत का निकाल कर दिया गया। उन्होंने बताया की कुछ अपराध बड़े हैं तो कुछ अपराधों में कमी भी आई है बढ़ते साइबर अपराध पर चिंता करते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इसके नियंत्रण के लिए तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि बेसिक पुलिसिंग पर ही उनका फोकस रहता है, उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की। पत्रकार वार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक एवं अन्य।

संभाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

स्वामी जी-93406-38884
स्पेशल ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411